an>

Title: Regarding law and order situation in Maharashtra.

श्री राजीव सातव: अध्यक्ष जी, यह मैटर मैं इसलिए उठाना चाह रहा हूं क्योंकि गृह मंत्री जी का इस बारे वक्तव्य हो, इस बारे में मेरी मांग थी। मैं जो यहां बात रखना चाह रहा हूं, महाराष्ट्र छत्रपति शिवाजी, शाहू जी महाराज, बाबा अम्बेडकर और ज्योतिबा फुले की भूमि है। इस भूमि में जिस प्रकार से पिछले दिनों नरेन्द्र दाभोलकर जी की हत्या हुई, उस वक्त आई.बी. ने यह वार्निंग दी थी, ...(व्यवधान) ।

कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राजीव प्रताप रूडी): राज्य सरकारों के विषय को इस प्रकार से विमर्श करने लगे तो नहीं हो पाएगा। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : पहला वाक्य मेरा यही था, यह राज्य सरकार का विषय है।

श्री राजीव सातव : मेरी गृह मंत्री जी से निवेदन है कि नरेन्द्र दाभोलकर जी की जब हत्या हुई, उस समय आई.बी. ने वार्निंग दी थी कि अगला टारगेट कोल्हापुर से गोविन्द पनसारे जी हो सकते हैं। मेरा निवेदन है कि उस वक्त सरकार ने उन्हें सुरक्षा नहीं दी, उनकी हत्या हुई है। इसके बाद तीसरे टारगेट की महाराष्ट्र में चर्चा हो रही है। इसलिए लॉ एंड ऑर्डर का बड़ा सेन्सेटिव इश्यू है। गृह मंत्री जी की तरफ से गोविन्द पनसारे जी की हत्या के बारे में सदन में बयान हो, यह मेरी मांग है।

_